**प्रेस विज्ञप्ति**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की**

**प्रमुख विशेषताएं**

- बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) ने वित्त वर्ष 23 के लिए लाभ में 2 गुनी वृद्धि दर्ज की है और अपने अब तक के सर्वाधिक तिमाही एवं वार्षिक शुद्ध लाभ क्रमशः रु. 4,775 करोड़ (+ 168% वर्ष दर वर्ष) एवं रु. 14,110 करोड़ (+ 94% वर्ष दर वर्ष) की घोषणा की है।
- लाभप्रदता में इस उल्लेखनीय वृद्धि के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 23 हेतु बैंक का आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) वर्ष दर वर्ष 43 बीपीएस की वृद्धि के साथ 1.03% (वित्त वर्ष 23) रहा; वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही हेतु आरओए वर्ष दर वर्ष 77 बीपीएस की वृद्धि के साथ 1.34% रहा।
- इसी प्रकार वित्त वर्ष 23 हेतु बैंक का इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) वर्ष दर वर्ष 648 बीपीएस बढ़कर 18.34% रहा; वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए आरओई वर्ष दर वर्ष 1321 बीपीएस बढ़कर 24.82% रहा।
- लाभप्रदता में इस सुदृढ़ वृद्धि के लिए वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 हेतु शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में क्रमशः 33.8% एवं 26.8% की उल्लेखनीय वृद्धि सहायक रही।
- शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में बढ़त के साथ-साथ अग्रिमों में 18.5% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के कारण शुद्ध ब्याज आय में निरंतर वृद्धि हुई, जिसका स्तर तिमाही की समाप्ति पर तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 16 बीपीएस/वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 45 बीपीएस की वृद्धि और वित्त वर्ष 2023 के दौरान 28 बीपीएस की वृद्धि के साथ 3.53% रहा।
- ओपेक्स में धीमी वृद्धि के साथ-साथ आय में सुदृढ़ वृद्धि के कारण परिचालन लाभ में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में वर्ष दर वर्ष 43.3% तथा वित्त वर्ष 2023 में वर्ष दर वर्ष 20% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।
- बैंक आय के सापेक्ष लागत अनुपात में 152 बीपीएस की कमी करने में सफल रहा है और वित्त वर्ष 23 हेतु लागत आय अनुपात 47.72% दर्ज की है।
- जीएनपीए में वर्ष दर वर्ष 282 बीपीएस और तिमाही दर तिमाही 74 बीपीएस की भारी कमी के साथ जो कि 3.79% है, के साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंक का एनएनपीए वर्ष दर वर्ष 83 बीपीएस और तिमाही दर तिमाही 10 बीपीएस की कमी के साथ 0.89% रह गया है।
- टीडब्ल्यूओ के साथ 92.43% और टीडब्ल्यूओ के बिना 77.19% के साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) सुदृढ़ रहा।
- आस्ति गुणवत्ता में इस सुदृढ़ एवं सतत सुधार के फलस्वरुप बैंक की ऋण लागत वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 0.14% एवं वित्त वर्ष 23 में 0.53% की रिकार्ड निचले स्तर पर रही।
- खुदरा ऋण बही में सुदृढ़ रूप से वृद्धि के कारण बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वैश्विक अग्रिमों में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में वर्ष दर वर्ष आधार पर 18.5% की सशक्त वृद्धि दर्ज की गई। वाहन ऋण (24.4%), गृह ऋण (19.5%), वैयक्तिक ऋण (101.5%), बंधक ऋण (18.0%), शिक्षा ऋण (21.8%) जैसे उच्च संकेंद्रित क्षेत्रों में वृद्धि के कारण बैंक के ऑर्गेनिक खुदरा ऋणों में 26.8% की वृद्धि हुई।
- 31 मार्च, 2023 तक बैंक ने रु. 21,73,236 करोड़ का कुल व्यवसाय अर्जित किया, जिससे वर्ष दर वर्ष 16.6% की वृद्धि हुई।
- बैंक के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर रु. 5.5 के लाभांश की घोषणा करने की सिफारिश की है जो आवश्यक अनुमोदन के अधीन है ।

**लाभप्रदता**

- बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में रु. 4,775 करोड़ का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ दर्ज किया है जबकि वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में रु. 1,779 करोड़ का लाभ हुआ था। इसमें वर्ष दर वर्ष 94% की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 23 में रु.14,110 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष दर वर्ष 33.8% बढ़कर रु.11,525 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 23 में शुद्ध ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष 26.8% की वृद्धि हुई और यह रु. 41,355 करोड़ रही।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में वैश्विक एनआईएम 3.53% रहा, इसमें वर्ष दर वर्ष 45 बीपीएस की वृद्धि हुई। शुद्ध ब्याज मार्जिन वित्त वर्ष 22 के 3.03% की तुलना में वित्त वर्ष 23 में 3.31% रहा।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में घरेलू एनआईएम 3.65% रहा, इसमें वर्ष दर वर्ष 51 बीपीएस की वृद्धि हुई। शुद्ध ब्याज मार्जिन वित्त वर्ष 22 के 3.09% की तुलना में वित्त वर्ष 23 में 3.42% रहा।
- अग्रिमों पर प्रतिलाभ वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 6.81% की तुलना में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बढ़कर 8.47% हो गया।
- जमाराशियों की लागत वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 3.53% की तुलना में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 4.43% रही।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में परिचालन आय रु.14,991 करोड़ रही, इसमें वर्ष दर वर्ष 34.6% की वृद्धि हुई। यह वित्त वर्ष 23 में वर्ष दर वर्ष 16.5% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 51,381 करोड़ रही।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में परिचालन लाभ रु. 8,073 करोड़ रहा इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 43.3% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 23 के लिए परिचालन लाभ 20% बढ़कर रु. 26,864 करोड़ हो गया।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए लागत आय अनुपात घटकर 46.15% रहा जबकि वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में यह 49.39% था। यह वर्ष दर वर्ष 152 बीपीएस की गिरावट के साथ वित्त वर्ष 23 में 47.72% रहा।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ (वार्षिक आधार पर) वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 0.57% से बढ़कर वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1.34% हो गया। वित्त वर्ष 23 में आस्तियों पर प्रतिलाभ वर्ष दर वर्ष 43 बीपीएस बढ़कर 1.03% रहा।
- वित्त वर्ष 23 के लिए इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिक आधार पर) 648 बीपीएस बढ़कर 18.34% हो गया।
- समेकित इकाई के लिए शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 22 के रु.7,850 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 23 में रु. 14,905 करोड़ रहा।

## आस्ति गुणवत्ता

- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बैंक का सकल एनपीए 32% की वर्ष दर वर्ष गिरावट के साथ रु. 36,764 करोड़ रहा और सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 6.61% की तुलना में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में सुधरकर 3.79% रहा।
- बैंक का शुद्ध एनपीए अनुपात वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 0.89% के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर रहा जबकि वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में यह अनुपात 1.72% था।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात टीडब्ल्यूओ सहित 92.43% और टीडब्ल्यूओ को छोड़कर 77.19% रहा।
- वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में स्लिपेज अनुपात 2.52% से घटकर 1.02% हो गया। वित्त वर्ष 23 के लिए स्लिपेज अनुपात में 54 बीपीएस की कमी हुई और यह 1.07% रहा।
- वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए ऋण लागत 0.14% और पूरे वर्ष के लिए 0.53% रही।

## पूंजी पर्याप्तता

- मार्च, 23 में बैंक का सीआरएआर 16.24% रहा। मार्च, 2023 तक टियर-I 13.99% रहा (सीईटी-1 12.24%, एटी1 1.75%) और टियर-II 2.25% रहा।
- समेकित इकाई का सीआरएआर और सीईटी-1 क्रमशः 16.73% और 12.83% रहा।
- चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) समेकित रूप से 135.4% रहा।

## व्यवसायिक कार्यनिष्पादन

- बैंक का वैश्विक अग्रिम बढ़कर 9,69,548 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष दर वर्ष 18.5% की वृद्धि दर्ज हुई है।
- बैंक का घरेलू अग्रिम बढ़कर 7,95,560 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष दर वर्ष 16.3% की वृद्धि हुई है।
- वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम 6.3% की क्रमिक वृद्धि के साथ 1,73,988 करोड़ रुपए रहा।
- वैश्विक जमा वर्ष दर वर्ष आधार पर 15.1% की वृद्धि के साथ 12,03,688 करोड़ रुपए हो गया।
- मार्च'23 में घरेलू जमा वर्ष दर वर्ष आधार पर 13% की वृद्धि के साथ 10,47,375 करोड़ रुपए हो गया।
- मार्च'23 में अंतर्राष्ट्रीय जमा वर्ष दर वर्ष आधार पर 31.4% की वृद्धि के साथ 1,56,313 करोड़ रुपए हो गया।
- घरेलू कासा जमा वर्ष दर वर्ष 7.9% की वृद्धि के साथ 4,42,511 करोड़ रुपए रहा।

- मार्च,23 में घरेलू बचत जमा में वर्ष दर वर्ष आधार पर 7.6% की वृद्धि रही और घरेलू चालू जमा में वर्ष दर वर्ष 9.2% की वृद्धि रही।
- वाहन ऋण में (24.4), गृह ऋण में (19.5%), वैयक्तिक ऋण में (101.5%), मॉर्गेज ऋण (18%), शिक्षा ऋण में (21.8%) जैसे मुख्य फोकस वाले क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर वृद्धि के कारण ऑर्गेनिक रिटेल ऋण पोर्टफोलियो में 26.8% की वृद्धि हुई।
- कृषि ऋण पोर्टफोलियो वर्ष दर वर्ष 13.2% बढ़कर 1,24,247 करोड़ रुपये हो गया।
- कुल स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो (रिटेल एवं कृषि सहित) 38,251 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 30.5% की वृद्धि दर्ज हुई है।
- ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो वर्ष दर वर्ष 11.7% बढ़कर 1,08,196 करोड़ रुपये हो गया।

**31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय परिणाम**

| विवरण (रुपए करोड़ में) | *वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही* | *वर्ष दर वर्ष (%)* | *वित्त वर्ष 22* | *वित्त वर्ष 23* | *वर्ष दर वर्ष (%)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *ब्याज आय* | *18,174* | *23,540* | *25,857* | *42.3* | *69,881* | *89,589* | *28.2* |
| *ब्याज लागत* | *9,562* | *12,722* | *14,332* | *49.9* | *37,259* | *48,233* | *29.5* |
| *शुल्क आय* | *1,638* | *1,539* | *1,714* | *4.6* | *5,486* | *5,997* | *9.3* |
| *शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई)* | *8,612* | *10,818* | *11,525* | *33.8* | *32,622* | *41,355* | *26.8* |
| *परिचालनगत आय* | *11,134* | *14,370* | *14,991* | *34.6* | *44,106* | *51,381* | *16.5* |
| *परिचालनगत व्यय* | *5,499* | *6,138* | *6,918* | *25.8* | *21,716* | *24,518* | *12.9* |
| *परिचालनगत लाभ* | *5,635* | *8,232* | *8,073* | *43.3* | *22,389* | *26,864* | *20.0* |
| *कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिकताएं* | *3,736* | *2,404* | *1,421* | *-62.0* | *13,002* | *7,137* | *-45.1* |
| *जिसमें से, बट्टे खाते डाले गए एनपीए अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान* | *5,200* | *817* | *320* | *-93.8* | *14,640* | *4,351* | *-70.3* |
| *कर पूर्व लाभ* | *1,899* | *5,828* | *6,652* | *--* | *9,387* | *19,727* | *--* |
| *कर के लिए प्रावधान* | *120* | *1,976* | *1,877* | *--* | *2,114* | *5,617* | *--* |
| *शुद्ध लाभ* | *1,779* | *3,853* | *4,775* | *--* | *7,272* | *14,110* | *94.0* |

**व्यावसायिक स्थिति**

| विवरण (रुपए करोड़ में) | *मार्च 31, 2022* | *दिसं.31, 2022* | *मार्च 31, 2023* | *वर्ष दर वर्ष (%)* |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू जमा | *9,27,011* | *10,03,737* | *10,47,375* | *13.0* |
| घरेलू कासा | *4,10,123* | *4,17,812* | *4,42,511* | *7.9* |
| वैश्विक जमा | *10,45,939* | *11,49,507* | *12,03,688* | *15.1* |
| घरेलू अग्रिम | *6,84,153* | *7,60,249* | *7,95,560* | *16.3* |
| जिसमें से खुदरा ऋण (ऑर्गेनिक) | *1,40,399* | *1,66,861* | *1,78,037* | *26.8* |
| वैश्विक अग्रिम | *8,18,120* | *9,23,878* | *9,69,548* | *18.5* |
| एनआईएम वैश्विक % | *3.08* | *3.37* | *3.53* | *45 bps* |

*महत्वपूर्ण अनुपात (Key Ratios)*

| विवरण | *वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही* | *वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही* |
|---|---|---|---|
| *आस्ति पर प्रतिलाभ (%)* | *0.57* | *1.13* | *1.34* |
| सीआरएआर (%) | *15.68* | *14.93* | *16.24* |
| सीईटी-1 (%) | *11.42* | *10.83* | *12.24* |
| *सकल एनपीए (%)* | *6.61* | *4.53* | *3.79* |
| निवल एनपीए (%) | *1.72* | *0.99* | *0.89* |
| पीसीआर (टीडब्ल्यू सहित) (%) | *88.71* | *92.34* | *92.43* |

**16 मई, 2023**
**मुंबई**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में

20 जुलाई, 1908 को स्थापित बैंक ऑफ़ बड़ौदा ("बैंक") एक भारतीय राज्य के स्वामित्व वाला बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत में गुजरात, वडोदरा (पूर्व में बड़ौदा के नाम से जाना जाता था) में स्थित है। 'वैकल्पिक तंत्र' योजना के तहत, सरकार ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ विजया बैंक और देना बैंक के समामेलन की घोषणा की, जो दिनांक 1 अप्रैल, 2019 को लागू हुआ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक है, जिसकी 8,200 घरेलू शाखाओं एवं 11,401 एटीएम और सेल्फ सर्विस चैनलों द्वारा समर्थित कैश रिसाइकलर के साथ एक मजबूत स्थिति है। 17 देशों में फैले 93 विदेशी कार्यालयों के नेटवर्क के साथ बैंक की सुदृढ़ अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- यूट्यूब https://www.youtube.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

**श्री इयान डिसूज़ा**
**मुख्य वित्त अधिकारी**
**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**मुंबई**

Cfo.bcc@bankofbaroda.co.in